# Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan
## IIT Roorkee

**(News Clipping)**

हिन्दुस्तान देहरादून • शुक्रवार • 07 फरवरी 2020

# विकास के लिए बेहतर प्रबंधन पर जोर

**कार्यशाला**

**आयोजन**

- आईआईटी रुड़की में चल रही कार्यशाला का समापन
- चार दिन तक चली कार्यशाला में रखे गए विचार

रुड़की | **कार्यालय संवाददाता**

आईआईटी रुड़की में चल रही मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डेवलपमेंट लीडरशिप पर चार दिवसीय कार्यशाला हुई। इस दौरान गांवों में विकास के लिए बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया गया।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी, उत्तराखण्ड ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान रुद्रपुर, क्षेत्रीय समन्वय संस्थान, उन्नत भारत अभियान, आईआईटी रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय कार्यशाला हुई। इस दौरान पंचायती राज संस्थान के निदेशक प्रो.राजीव मोहन पंत ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला ग्रामीण विकास के लिए नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक साबित होगी। ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाकर बेहतर प्रबन्धन के जरिए गांववासियों की मदद से ही गांवों में विकास कार्यक्रम को संचालित करने में गति मिल सकेगी। उन्नत भारत अभियान, आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो.आशीष पांडेय ने कार्यशाला में आए प्रतिभागियों धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम को जल और अक्षय ऊर्जा विभाग, आईआईटी रुड़की के प्रो. आरपी सैनी, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी के प्रो.एमके श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान नलिनीत घिल्डियाल, प्रो. तेजवीर सिंह नितिन वर्मा, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।